RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 10 | ISSUE 347 | WEDNESAY 24-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



जल्दी करने जा रहे, फिर से नया कमाल।
गांवों का भी करेंगे, शहरों जैसा हाल।
शहरों जैसा हाल, जरा भी मत घबराएं।
गांवों को दे रहे, सभी शहरी सुविधाएं।
कह साहिल कविराय, आप हैं बड़े सयाने।
जो कुछ हमने कहा, समझ लें उसके माने।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# संकट में भारतीय साईकिल इंडस्ट्री : इनोवेशन की कमी, भ्रष्टाचार और टेंडरों की बैसाखी का मोहताज हुई इंडस्ट्री




नई दिल्ली, यूटर्न, 23 दिसंबर। लंबे समय से सरकारी टेंडरों और भ्रष्टाचार के जाल ने भारतीय साइकिल इंडस्ट्री को गंभीर संकट में डाल दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार देश की ज्यादातर मार्किट लीडर कंपनियां अपग्रेडेशन और इनोवेशन की कमी के कारण या तो नए व्यवसाय में डायवर्सिफाई कर गई हैं या इनोवेशन के दबाव के चलते डिरेल होने की कगार पर हैं। पिछले दिनों में कई इंडस्ट्री नेताओं ने इंडस्ट्री पर भ्ष्टार्चार क्वालिटी उत्पाद की कमी और इनोवेशन की कमी के दबाव पर आवाज उठाई थी लेकिन बड़े घरानों के डर से उसे ज्यादा बल नहीं मिल पाया। हालत यह है की सामने संकट होने के बावजूद इंडस्ट्री आँखे मूंद कर खुद को ही खतरे के टलने का झूठा दिलासा देती प्रतीत हो रही है।

## मासिक खर्च निकालने को घाटे में भी सप्लाई कर रहे टेंडर का माल

चर्चा है की साईकिल टेंडरों में शामिल कई कंपनियां टेंडर लेने के बाद अपने एकाधिकार का भरपूर लाभ ले रही है। हलांकि टेंडरों में सरकार से तो अच्छा खासा मुनाफा मिल रहा है फिर भी एकाधिकार को भुनाते हुए सप्लाई वेंडरों को निचोड़ा जा रहा है। चर्चा है की कई तथाकथित कंपनियों के दबाव में 60% वेंडर इकाइयां को सिर्फ मजदूरी और अन्य खर्च निकालने के लिए घाटे में भी उत्पाद सप्लाई करना पड़ रहा है। सालाना 2-4 कंपनियां बैंक और मार्किट की डिफॉल्टर बन रही हैं। इंडस्ट्री की कई शीर्ष कंपनियों ने इनोवेशन की बजाय मुनाफा प्राथमिकता बना ली है, जिससे नई तकनीक और ई-साइकिल जैसी उत्पाद विकास में निवेश कम हुआ है।

## भारतीय कंपनियां बाजार में खो रही पकड़

विशेषज्ञों की माने तो बाजार में ग्राहक उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मांग रहे हैं, लेकिन देश की ज्यादातर नामी कंपनियां भी इस स्तर को मैच नहीं कर पा रही हैं। हालत यह है की देश के अलग अलग क्षेत्रों में बैठे बड़े डीलर विदेशों से अपने ब्रांड में इम्पोर्टेड और अच्छी क्वालिटी साईकिल मंगवा कर खुदरा बाजार की लगभग 80% मांग पूरी कर रहे है। जिसके कारण ज्यादातर भारतीय कंपनियां बाजार में अपनी पकड़ खो रही है।

## कई कंपनियों ने किया किनारा

सरकारी टेंडरों में बड़े भ्ष्टार्चार के कारण कई कंपनियों ने टेंडर कारोबार से किनारा कर लिया है यह कुछ ने इस तरह ध्यान हटा लिया है तांकि कभी जाँच होने पर वर्षों से बनी बनाई खतरे में ना पड़ जाए। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि नीति सुधार और टेंडर में पारदर्शिता नहीं लाई गई, तो इंडस्ट्री की विश्वसनीयता कमजोर होगी, युवा पीढ़ी उद्योग में आकर्षित नहीं होगी और भारत की साइकिल इंडस्ट्री वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएगी।

## टेंडरों में भ्रष्टाचार का बोलबाला

चर्चा है की सरकारी टेंडरों में हर साल 50 लाख साईकिल सप्लाई हो रहे है बड़ी बिजनेस संभावनाओं के कारण 90 % नामी कंपनियां टेंडरों के बिजनेस में शामिल है वही बड़ी तादाद के कारण भ्रष्टाचार भी चरम पर है। ऐसे में खुदरा बाजार तो हाथ से फिसल ही रहा है उधर सरकारी टेंडरों में प्रति साइकिल 500 से 1,000 रुपये तक रिश्वत की चर्चा गर्म है। सरकारी तंत्र और राजनितिक शह पर घटिया क्वालिटी की साइकिलें 4,400 से 4,900 रुपये में सप्लाई की जा रही हैं, जबकि सामान्य बाजार में अच्छी क्वालिटी की साइकिलें आधे दाम 2,200 से 2,500 रुपये में उपलब्ध हैं।

# पंजाब में एच.एम.ई.एल. का 2,600 करोड़ रुपये का औद्योगिक विस्तार, 500 नए रोजगार सृजित होंगे

## रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में निवेश से राज्य की अर्थव्यवस्था को मिलेगा मजबूती, पंजाब सरकार का पूर्ण समर्थन



चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। मंगलवार को पंजाब सरकार के इंडस्ट्री, इन्वेस्ट प्रोत्साहन, बिजली एवं एनआरआई मंत्री संजीव अरोड़ा ने एच.पी.सी.एल.-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एच.एम.ई.एल.) के औद्योगिक विस्तार की योजनाओं का एलान किया। मंत्री ने बताया कि बठिंडा के तलवंडी साबो में एच.एम.ई.एल. का रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स राज्य की औद्योगिक सफलता का प्रमुख उदाहरण है।

एच.एम.ई.एल. के सीईओ प्रभ दास ने बताया कि कंपनी पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, एटीएफ और पॉलिमर जैसे उत्पादों का उत्पादन करती है। वर्तमान में कंपनी का वार्षिक कारोबार लगभग 90,000 करोड़ रुपये है और करों के रूप में 2,100 करोड़ रुपये सरकार को योगदान देती है।

मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि एच.एम.ई.एल. की 100% सहायक कंपनी एचओपीएल ने 2024 में बायो-इथेनॉल प्लांट शुरू किया। अब कंपनी 2,600 करोड़ रुपये से अधिक के चरणबद्ध निवेश से अपने औद्योगिक विस्तार की योजना बना रही है, जिससे लगभग 500 नए रोजगार पैदा होंगे और राज्य में 2,400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त टर्नओवर आएगा। वहीँ नए उत्पादन का ज्यादातर फोकस पंजाब इंडस्ट्री की बढ़ती मांग की आपर्ति रहेगी।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार निवेशक-केंद्रित माहौल, समयबद्ध मंजूरी और प्रगतिशील नीतियों के माध्यम से बड़े औद्योगिक निवेशों को बढ़ावा दे रही है। मंत्री ने आश्वस्त किया कि एच.एम.ई.एल. के विस्तार और संचालन में राज्य सरकार पूरा सहयोग देगी, जिससे पंजाब पेट्रोकेमिकल और मूल्य-वर्धित निर्माण का प्रमुख हब बनेगा।

इस अवसर पर एच.एम.ई.एल. के वाइस प्रेसिडेंट संजीव मल्होत्रा, चीफ स्टेट कोऑर्डिनेटर विश्व बंधू, पंजाब विकास कमीशन की वाइस चेयरपर्सन सीमा बंसल और आईएएस अमित ढाका भी मौजूद थे।



# वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंजाब की राजस्व प्राप्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी: हरपाल सिंह चीमा

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य ने राजस्व प्राप्ति में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। नवंबर 2025 तक प्रदेश की जीएसटी प्राप्ति में 16.03 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे कुल 17,860.09 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं आबकारी राजस्व 7,401 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी प्राप्ति में पिछले वर्ष की तुलना में 2,467.30 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स दर घटाए जाने के बावजूद राजस्व स्थिर रहा। इसके



साथ ही वैट एवं सीएसटी से 5,451.76 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जो 3.35 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि एकमुश्त निपटारा स्कीम-2025 के तहत 3,574 मामलों का निपटारा कर 52 करोड़ रुपये की वसूली की गई। टैक्स इंटेलिजेंस यूनिट और डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से 344.06 करोड़ रुपये का टैक्स व जुमार्ना वसूला गया। आबकारी क्षेत्र में 8.64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में 3,860 एफआईआर दर्ज कर 3,795 गिरफ्तारियां की गईं। मंत्री ने कहा कि क्षमता निर्माण के तहत 144 विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों से 5,111 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिससे शेष वित्तीय वर्ष में भी राजस्व वृद्धि की गति बनी रहेगी।

# वॉट्सऐप यूजर्स अलर्ट : बिना ओटीपी अकाउंट हैक कर रहा 'घोस्ट पेयरिंग' स्कैम

## दफ्कोड स्कैन करते ही हैकर के हाथ में चला जाता है पूरा अकाउंट, पंजाब पुलिस की आमजन चेतावनी

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। वॉट्सऐप इस्तेमाल करने वालों के लिए एक नया और बेहद खतरनाक साइबर फ्रॉड सामने आया है। पंजाब पुलिस ने 'घोस्ट पेयरिंग स्कैम' नाम के इस नए तरीके को लेकर सार्वजनिक चेतावनी जारी की है। इस स्कैम में साइबर अपराधी बिना ओटीपी या पासवर्ड के ही वॉट्सऐप अकाउंट को अपने नियंत्रण में ले रहे हैं। पुलिस के मुताबिक यह ठगी वॉट्सऐप के लिंकड डिवाइस फीचर के जरिए की जा रही है, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर मोबाइल अकाउंट को लैपटॉप या कंप्यूटर से जोड़ने के लिए किया जाता है। लेकिन अब हैकर इसी सुविधा को हथियार बना चुके हैं।



### ऐसे फंसाते हैं साइबर अपराधी

पुलिस के अनुसार, अपराधी पहले फर्जी कॉल, मैसेज या वीडियो कॉल करते हैं फिर नौकरी दिलाने,इनाम या लॉटरी, अकाउंट वेरिफिकेशन, या वॉट्सऐप सपोर्ट के नाम पर एक दफ्कोड भेजा जाता है। दफ्कोड स्कैन करते ही अकाउंट पूरी तरह हैकर के कब्जे में चला जाता है।

### बिना ओटीपी , बिना पासवर्ड सीधे अकाउंट पर कब्जा

पंजाब पुलिस ने बताया कि इस स्कैम में न तो ओटीपी मांगा जाता है और न ही पासवर्ड। हैकर किसी तरह यूजर को एक दफकोड स्कैन करने के लिए मना लेते हैं। जैसे ही यूजर दफकोड स्कैन करता है, उसका वॉट्सऐप अकाउंट हैकर के डिवाइस से लिंक हो जाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यूजर को इसकी कोई तत्काल सूचना नहीं मिलती। हैकर चुपचाप मैसेज पढ़ सकता है, फोटो-वीडियो डाउनलोड कर सकता है और कॉन्टैक्ट लिस्ट का भी गलत इस्तेमाल कर सकता है।

### CERT-In की रिपोर्ट के बाद जारी हुई चेतावनी

पंजाब पुलिस ने बताया कि यह एडवाइजरी भारत सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसी CERT-In की रिपोर्ट के आधार पर जारी की गई है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि Linked Device फीचर का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

### ऐसे रखें खुद को सुरक्षित

पुलिस ने यूजर्स को कुछ जरूरी सावधानियां अपनाने की सलाह दी है वॉट्सऐप के लिंकड डिवाइसस सेक्शन की नियमित जांच करें किसी भी अनजान डिवाइस को तुरंत लॉग आउट करें। किसी भी संदिग्ध QR कोड को स्कैन न करें, वॉट्सऐप में Two-Step Verification जरूर चालू रखें ,ठगी होने पर तुरंत cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

### पंजाब पुलिस की आमजन से अपील

पंजाब पुलिस ने साफ किया है कि वॉट्सऐप या कोई भी सरकारी एजेंसी कभी भी दफकोड स्कैन करने के लिए कॉल या मैसेज नहीं भेजती।ऐसे किसी भी संदेश या कॉल को तुरंत नजरअंदाज करें। पंजाब पुलिस ने चेताया है कि थोड़ी सी लापरवाही बड़ा आर्थिक और निजी नुकसान कर सकती है। इसलिए सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और इस जानकारी को दूसरों तक भी जरूर पहुंचाएं।

# एक साल का मेयर, पाँच साल की जंग: चंडीगढ़ में सत्ता बनाम लोकतंत्र

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। चंडीगढ़ की नगर राजनीति को झकझोरते हुए सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में एक अहम प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है, जिसने केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक अधिकारों और प्रशासनिक नियंत्रण की नई बहस छेड़ दी है। बिल में सीधे चुने गए मेयर का पाँच साल का निश्चित कार्यकाल और यूटी एडमिनिस्ट्रेटर से चुनी हुई नगर निगम को प्रशासनिक शक्तियों के हस्तांतरण की मांग की गई है। पंजाब म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन लॉ (एक्सटेंशन टू चंडीगढ़) अमेंडमेंट बिल, 2025 मौजूदा एक साल के मेयर सिस्टम को समाप्त करने का प्रस्ताव करता है, जिसे तिवारी ने अस्थिरता, राजनीतिक सौदेबाजी और विकास कार्यों में बाधा का कारण बताया। प्रस्तावित कानून के तहत मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता करेगी और वे पूरे निगम कार्यकाल तक पद पर रहेंगे। बिल प्रशासनिक ढांचे में भी बड़ा बदलाव सुझाता है—मेयर-इन-काउंसिल प्रणाली,




अधिकारियों पर निर्वाचित नेतृत्व का नियंत्रण और दलबदल विरोधी प्रावधान। हालांकि केंद्र सरकार की सहमति के बिना यह बिल संसद में लंबित है। बीजेपी का विरोध चंडीगढ़ में प्रशासनिक नियंत्रण कमजोर होने की आशंका से जुड़ा है। यह बिल भले ही कानून न बना हो, लेकिन इसने चंडीगढ़ में सवाल खड़ा कर दिया है—सत्ता प्रशासन के पास रहे या जनता के चुने प्रतिनिधियों के पास?

# सोशल मीडिया 'तीसरी आंख' बन गई: अमरगढ़ से आया सोने का जालसाज जगराओं के बाजार में पकडां

- वायरल वीडियो देखकर दुकानदार ने हिम्मत दिखाई, उत्तर प्रदेश से आए चोर को पलक झपकते ही पकड़ लिया



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/दिसंबर। आज के दौर में सोशल मीडिया न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि अपराधियों को पकड़ने में 'तीसरी आंख' का काम भी कर रहा है। इसका ताजा उदाहरण आज जगरांव के बाजार में देखने को मिला, जहां एक सतर्क दुकानदार ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो की मदद से अमरगढ़ से भागे सोने के जालसाज को पकड़ लिया।

### चोर कैसे पकड़ा गया ?

जगराओं के बाजार में खरीदारी करने वाले एक युवक शिवम टंडन ने बताया कि वह आज सुबह अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान उनकी नजर बाजार से गुजर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति पर पड़ी। शिवम ने तुरंत पहचान लिया कि यह वही व्यक्ति है जिसका वीडियो कुछ समय पहले व्हाट्सएप ग्रुप में चोर के रूप में वायरल हुआ था। बिना देर किए, युवक ने साहस दिखाते हुए उक्त व्यक्ति को घेर लिया। कड़ी पूछताछ करने पर चोर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और अमरगढ़ की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

### पीड़ित दुकानदार अमरगढ़ से पहुंचे

आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद, शिव ओम ने तुरंत अमरगढ़ के पीड़ित दुकानदार को सूचना दी। सूचना मिलते ही अमरगढ़ के दुकानदार जसपाल सिंह जगराओं पहुंचे। जसपाल सिंह ने बताया कि अमरगढ़ मेन मार्केट में उनकी 'वर्मा ज्वैलर्स' नाम की दुकान है। कल यह चोर ग्राहक बनकर आया था और दुकान से 2 सोने की चेन, 2 जोड़ी झुमके और 2 अंगूठियां चुरा ले गया, जिससे वे सदमे में हैं। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने दुकान के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। कैमरों के फुटेज और आरोपी की तस्वीर सोशल मीडिया और बिजनेस ग्रुप्स पर वायरल हो गई, जिसके परिणामस्वरूप आज आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### आरोपी को पुलिस के हवाले किया गया

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी तालिब के रूप में हुई है। मौके पर जमा हुए दुकानदारों ने आरोपी को जगराओं पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मियों के हवाले कर दिया है ताकि कानूनी कार्रवाई की जा सके। शहरवासी दुकानदार शिवम टंडन की तत्परता और साहस की सराहना कर रहे हैं।

# पार्टी की रीढ़ के समान हैं अकाली दल के कार्यकर्ता:एनके शर्मा

डेराबस्सी, यूटर्न, 23 दिसंबर। शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एन के शर्मा ने कहा कि अकाली दल ने हमेशा अपने कार्यकताओं को मान सम्मान दिया है। अकाली दल के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ के समान हैं। अकाली दल के कार्यकर्ता संघर्ष का प्रतीक हैं। एनके शर्मा जवाहरपुर जोन से पार्टी प्रत्याशी सुखविंदर कौर के आवास पर कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे थे।



उन्होंने कहा कि डेराबस्सी हलके की जनता अकाली दल को पूरी तरह से स्वीकार कर चुकी है। जिला परिषद व ब्लाक समिति चुनाव में अकाली दल की बढ़त से बौखलाई पंजाब सरकार ने अफसरशाही के बल पर यह चुनाव लड़ा है। इसके बावजूद अकाली दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ी मेहनत और हिम्मत के साथ मौजूदा सरकार के जब्र व जुल्म का मुकाबला किया है। इस चुनाव से अकाली दल के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा है और वह आम आदमी पार्टी की सरकार के जुल्मों का सामना करने के लिए मजबूती के साथ खड़े रहने के लिए तैयार हो गए हैं। शर्मा ने कहा कि चुनाव में हार जीत लोकतंत्र का हिस्सा है लेकिन कार्यकताओं की एकजुटता और मजबूती सबसे अहम होती है। इस अवसर पर अकाली नेता अरविंदर सिंह, गुरसेवक सिंह, पाल सिंह, जसवीर सिंह, मनजीत सिंह, गुरमेल पंच, आत्मा राम, दलजीत सिंह, रामकिशन, सतपाल सिंह, सुखबीर सिंह, प्रदीप सिंह, हरभजन सिंह, बलवीर सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# अल्पसंख्यक युवाओं के लिए मुफ्त कौशल विकास कोर्स शुरू होंगे: एडीसी अमरजीत बैंस



लुधियाना, यूटर्न, 23 दिसंबर। जिला लुधियाना में अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) अमरजीत बैंस ने बताया कि केंद्र और पंजाब सरकार की संयुक्त पहल पीएम विकास योजना के तहत युवाओं के लिए मुफ्त कौशल विकास कोर्स शुरू किए जाएंगे।

एडीसी अमरजीत बैंस ने अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना का अधिक से अधिक प्रचार करने और पात्र युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जेरियाट्रिक केयर गिवर और वेयरहाउस एसोसिएट के कोर्स पूरी तरह निःशुल्क कराए जाएंगे। कोर्स पूरा करने पर प्रत्येक प्रशिक्षु को 6,000 रुपये स्टाइपेंड दिया जाएगा, जबकि रोजगार मिलने के बाद दो माह पूरे करने पर 2,000 रुपये रोजगार भत्ता भी मिलेगा।

ये कोर्स सरकारी आईटीआई गिल रोड और एमएसडीसी गर्ल्स हॉस्टल, लुधियाना में आयोजित किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार एडीसी कार्यालय की स्किल डेवलपमेंट ब्रांच, कमरा नंबर-9 में संपर्क कर सकते हैं या ऑनलाइन गूगल फॉर्म भर सकते हैं। ई-मेल के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# अब इंसाफ से दूर नहीं कोई बंदी: जेलों में पहुंची न्याय व्यवस्था



लुधियाना, यूटर्न, 23 दिसंबर। जो बंदी निजी स्तर पर वकील नियुक्त करने में असमर्थ हैं, वे जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), लुधियाना से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह बात माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण लुधियाना श्रीमती हरप्रीत कौर रंधावा ने केंद्रीय जेल, बोरस्टल जेल और महिला जेल लुधियाना की औचक जांच के दौरान कही।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल परिसरों में स्थापित लीगल एड क्लीनिकों का दौरा किया और बंदियों को बताया कि यहां नियुक्त वकील और पैरा-लीगल वॉलंटियर उनके मामलों से जुड़ी जानकारी—जैसे वकील का नाम, संबंधित अदालत, अगली तारीख और केस की स्थिति—उपलब्ध कराते हैं।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों और विचाराधीन कैदियों की समस्याएं सुनीं और जेल अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। महिला जेल में बंद महिलाओं से भी संवाद किया गया और उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के बाद जेल अधीक्षकों को पाई गई कमियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। इस अवसर पर जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव, न्यायिक अधिकारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसल, सहायक काउंसल तथा तीनों जेलों के अधीक्षक भी उपस्थित रहे।

# धान छोड़ मक्के की खेती अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों का सम्मान



चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। पंजाब सरकार ने खरीफ सीजन में धान के बजाय मक्के की खेती अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में चलाए गए साउणी मक्का पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने किसानों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर उन्हें 'बदलाव के झंडाबरदार' बताया।

कृषि मंत्री ने कहा कि यह पहल फसली विविधता, गिरते भूजल स्तर को रोकने, मिट्टी की सेहत सुधारने और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम है। सरकार अगले सीजन में मक्का के रकबे को और बढ़ाने पर विचार कर रही है। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत बठिंडा, संगरूर, गुरदासपुर, जालंधर, कपूरथला और पठानकोट जिलों में 3,708 से अधिक किसानों ने 11,326 एकड़ भूमि में सफलतापूर्वक मक्का की खेती की।

सरकार ने प्रति हेक्टेयर 17,500 रुपये का प्रोत्साहन, आधुनिक मशीनरी पर सब्सिडी और मार्कफेड के जरिए उचित मूल्य की गारंटी दी। मंत्री ने कहा कि मक्का कम पानी में होने वाली टिकाऊ फसल है, जो पंजाब के भविष्य की खेती की दिशा तय करेगी।

# भाविप द्वारा ग्लोबल स्कूल में इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता आयोजित



डेराबस्सी, यूटर्न, 23 दिसंबर भारत विकास परिषद ने ग्लोबल विजडम इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से, गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान और शाश्वत आदर्शों को याद करने के लिए एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। परिषद के प्रधान बरखा राम और उपेश बंसल की देखरेख में अत्यंत श्रद्धा और देशभक्ति के जोश के साथ आयोजित किया गया। स्कूल के युवराज ने अपने प्रभावशाली भाषण के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, धर्म के प्रति उनके अटूट विश्वास और मानवता के लिए उनके अंतिम बलिदान पर प्रकाश डालते हुए प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। चेयरमैन गुरदीप सिंह चहल और प्रिंसिपल डॉ. बसुंधरा ने उन्हें गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी प्रतियोगियों को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

## सर्दी में बेसहारा लोगों की पीड़ा पर विनय वर्मा की पहल, प्रशासन से शेल्टर होम भेजने की मांग

लुधियाना/यूटर्न/23 दिसंबर। महानगर लुधियाना की सड़कों और फुटपाथों पर आज भी सैकड़ों बेसहारा और बेघर लोग



खुले आसमान के नीचे जीवन गुजारने को मजबूर हैं। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं, जो कड़ाके की सर्दी में बिना किसी सुरक्षा के रात बिताते नजर आते हैं। सर्द मौसम के कारण कई लोग बीमार अवस्था में भी देखे जा रहे हैं, जिससे उनकी जान को गंभीर खतरा बना हुआ है। इन हालातों को देखते हुए समाजसेवक एवं ओबीसी विभाग कांग्रेस लुधियाना के सीनियर वाइस चेयरमैन और जिला कांग्रेस के उपप्रधान विनय वर्मा ने एडीसी लुधियाना राकेश कुमार को जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि सड़कों व फुटपाथों पर रहने वाले बेसहारा लोगों को तुरंत शेल्टर होम भेजने की व्यवस्था की जाए, ताकि वे सर्दी से सुरक्षित रह सकें। विनय वर्मा ने प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि इन लोगों की स्वास्थ्य जांच और इलाज सुनिश्चित किया जाए तथा उनके परिवारों का पता लगाकर उन्हें घर तक पहुंचाया जाए, ताकि वे सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जी सकें।

## 'रंगरेटा गुरु का बेटा' को श्रद्धांजलि, बाबा बकाला साहिब में ऐतिहासिक समागम

चंडीगढ़/अमृतसर, यूटर्न, 23 दिसंबर। पंजाब सरकार द्वारा बाबा बकाला साहिब में शहीद बाबा जीवन सिंह जी (भाई जैता जी) की स्मृति में पहली बार राज्य स्तरीय समागम का आयोजन किया गया। समागम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने घोषणा की कि सरकारी आई.टी.आई. बाबा बकाला साहिब का नाम भाई जैता जी के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने इतिहास में पहली बार श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर श्री आनंदपुर साहिब में भाई जैता जी के स्मारक पर विधानसभा सत्र आयोजित किया। उन्होंने बताया कि 21 करोड़ रुपये की लागत से भाई जैता जी का भव्य स्मारक तैयार किया गया है। ई.टी.ओ. ने भाई जैता जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने उन्हें 'रंगरेटा गुरु का बेटा' का सम्मान दिया। विधायक दलबीर सिंह टौंग ने समागम के अंत में मंत्री को सम्मानित किया।

## हरियाणा विधानसभा में विशेषाधिकार प्रस्ताव पर हंगामा, कांग्रेस का वॉकआउट



चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। हरियाणा विधानसभा में शुक्रवार को विशेषाधिकार प्रस्ताव को लेकर भारी हंगामा देखने को मिला। कांग्रेस ने स्पीकर हरविंदर कल्याण द्वारा उसके स्थगन, अल्पकालिक चर्चा और ध्यानाकर्षण प्रस्तावों को खारिज किए जाने के विरोध में सदन से वॉकआउट कर दिया। वहीं, भाजपा विधायक शक्ति रानी शर्मा द्वारा कांग्रेस विधायक इंदु राज नरवाल के खिलाफ लाए गए विशेषाधिकार प्रस्ताव को स्पीकर ने स्वीकार कर लिया। यह विशेषाधिकार प्रस्ताव 19 दिसंबर को राज्यसभा चुनावों को लेकर नरवाल की टिप्पणियों के खिलाफ लाया गया था, जिसमें उन्होंने कथित रूप से ह्रपैसे के बदले वोटों की बिक्रीह का आरोप लगाया था। शक्ति रानी शर्मा ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सदन में अनुपस्थित व्यक्ति का नाम लेना विशेषाधिकार का उल्लंघन है। वोटिंग के बाद प्रस्ताव को विशेषाधिकार समिति को जांच के लिए भेज दिया गया। विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने इस फैसले का कड़ा विरोध किया और कहा कि कांग्रेस का एक भी नोटिस स्वीकार नहीं किया गया। स्पीकर के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद शून्यकाल में विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे उठाए, जिनमें जलभराव, मुआवजा, मनरेगा और बाढ़ जैसे विषय शामिल रहे। सरकार ने भेदभाव से इनकार करते हुए मामलों की समीक्षा का भरोसा दिया।




# न्यू ईयर सेलिब्रेशन का नया फॉर्मूला: जश्न भी, सुरक्षा भी

## ड्रंकन ड्राइव नाकों से बचने के लिए ड्राइवर-कैब की एडवांस बुकिंग, रेट 5 हजार तक

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। नए साल 2026 का काउंटडाउन शुरू होते ही चंडीगढ़ में जश्न की तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार सेलिब्रेशन का अंदाज कुछ बदला-बदला नजर आ रहा है। सख्त ड्रंकन ड्राइव चेकिंग, पुलिस की कड़ी निगरानी और प्रशासनिक गाइडलाइंस के चलते लोग अब पहले सेफ्टी फिर पार्टी के मंत्र पर चल रहे हैं।नतीजा यह है कि निजी ड्राइवर, कैब और टैक्सी की डिमांड अचानक बढ़ गई है। 31 दिसंबर की रात के लिए लोग पहले से ड्राइवर बुक कर रहे हैं ताकि खा-पीकर गाड़ी चलाने का जोखिम न उठाना पड़े। शहर में एक रात के लिए ड्राइवर और टैक्सी के रेट 5,000 रुपये तक पहुंच गए हैं।





### ड्राइवरों की बंपर डिमांड

रामदरबार निवासी ड्राइवर राजकुमार बताते हैं कि उन्हें अब तक 50 से ज्यादा कॉल मिल चुकी हैं। वहीं सेक्टर-25 निवासी प्रशांत शुक्ला के अनुसार, सिर्फ चंडीगढ़ ही नहीं बल्कि पंचकूला और मोहाली जाने के लिए भी ड्राइवरों की भारी मांग है।आम दिनों में 1,500 से 2,000 रुपये में मिलने वाली सेवा न्यू ईयर पर 2,500 से 3,000 रुपये तक पहुंच चुकी है।

### फ्री एंट्री लगभग खत्म

न्यू ईयर की रात क्लबों, बार और पब में फ्री एंट्री मिलना लगभग नामुमकिन होगा। आयोजकों के अनुसार हर जगह तय एंट्री फीस होगी, हालांकि फीस स्थान के अनुसार अलग-अलग है।

### क्लब, होटल और मॉल पूरी तरह तैयार

नव वर्ष के स्वागत के लिए शहर के करीब 50 क्लबों, बड़े होटलों और रेस्टोरेंट्स में खास इंतजाम किए गए हैं। कई नामी डीजे बुलाए गए हैं, तो कहीं लाइव सिंगिंग और थीम पार्टी की तैयारी है।

होटल इंडस्ट्री ने न्यू ईयर स्पेशल पैकेज लॉन्च किए हैं, जिनमें डिनर, म्यूजिक और स्टे शामिल है। सेक्टर 26 ,सेक्टर-7, इंडस्ट्रियल एरिया फेज 1 स्थित प्ले बॉय क्लब, सेक्टर-17, सेक्टर-35, एलांते मॉल और प्रमुख डिस्कोथेक में कपल और फीमेल स्टैग एंट्री रखी गई है। होटल एसोसिएशन चंडीगढ़ के मुताबिक इस बार एडवांस बुकिंग का ट्रेंड ज्यादा है ताकि आखिरी वक्त की भीड़ और अव्यवस्था से बचा जा सके।

### शोर से दूर, सुकून भरा जश्न भी पसंद

तेज म्यूजिक और भीड़ से दूर रहने वाले लोग इस बार सूफियाना नाइट्स और शांत म्यूजिक इवेंट्स की ओर रुख कर रहे हैं। सेक्टर-44 निवासी रिंकू जैन का कहना है कि उन्हें शोर-शराबा पसंद नहीं, इसलिए वे दोस्तों के साथ सूफियाना नाइट में नया साल मनाएंगे।वहीं कपल्स का फोकस फोर और फाइव स्टार होटलों की प्राइवेट पार्टियों पर है।

### प्लेबॉय क्लब में सख्त सुरक्षा इंतजाम

इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित प्लेबॉय क्लब के संचालक ने बताया कि क्रिसमस और न्यू ईयर पार्टी के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। बाहर से नामी डीजे बुलाए गए हैं, वहीं सुरक्षा के लिए 25 से ज्यादा पुरुष और महिला बाउंसर तैनात किए गए हैं।उन्होंने साफ किया कि एंट्री शुल्क के साथ फुल कवर सिस्टम लागू होगा और फ्री एंट्री बिल्कुल नहीं दी जाएगी।

### सुरक्षित जश्न की ओर बढ़ता चंडीगढ़

कुल मिलाकर इस बार चंडीगढ़ में नया साल सिर्फ जोश के साथ नहीं, बल्कि पहले से ज्यादा सुरक्षित, योजनाबद्ध और जिम्मेदार तरीके से मनाने का ट्रेंड साफ नजर आ रहा है।

# क्रिसमस पर एच.एल.पी गलेरिया मॉल में सैंटा परेड का होगा आयोजन बुधवार शाम 4 बजे से

मोहाली, यूटर्न, 23 दिसंबर। क्रिसमस के उल्लासपूर्ण अवसर पर मोहाली फेस 8 स्थित एच.एल.पी गलेरिया मॉल में एक भव्य सैंटा परेड का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में बच्चों और महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोग सैंटा परेड का हिस्सा बनेंगे, जिससे मॉल परिसर पूरी तरह से क्रिसमस के रंग में रंग जाएगा। आयोजकों के अनुसार परेड में सैंटा के साथ-साथ क्रिसमस से जुड़े कई आकर्षक कैरेक्टर शामिल होंगे। रंग-बिरंगी वेशभूषा, क्रिसमस कैप्स और उत्सवपूर्ण संगीत के बीच सैंटा परेड मॉल के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरेगी, जो बच्चों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेगी।

इस मौके पर बच्चों के लिए मनोरंजन गतिविधियाँ, फोटो सेशन और सरप्राइज गिफ्ट्स भी रखे गए हैं, ताकि वे क्रिसमस की खुशियों को यादगार बना सकें। मॉल प्रबंधन का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य परिवारों, खासकर बच्चों और महिलाओं को एक सुरक्षित, खुशहाल और उत्सवपूर्ण अनुभव प्रदान करना है। एच.एल.पी गलेरिया मॉल प्रबंधन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार के साथ इस सैंटा परेड का आनंद लेने मॉल में पधारें और क्रिसमस की खुशियों को मिल-जुलकर मनाएं।उत्साह, संगीत और खुशियों से भरपूर यह सैंटा परेड मोहाली में क्रिसमस समारोह का प्रमुख आकर्षण बनने की उम्मीद है।

# संदिग्ध हालात में गर्भवती महिला की मौत, पति पर हत्या का आरोप

लुधियाना/यूटर्न/23 दिसंबर। थाना डाबा क्षेत्र के लोहारा स्थित राजा कॉलोनी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान पुष्पा देवी (पत्नी अजय कुमार) के रूप में हुई है, जो आठ महीने की गर्भवती थी। मामले की जांच कर रहे एएसआई सुरिंदर सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों ने उसके पति अजय कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच पहले भी कई बार झगड़े हो चुके थे, इसी कारण उन्हें आशंका है कि पुष्पा की हत्या की गई है। इस संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करवाई गई। वहीं, अजय कुमार, जो नगर निगम में कच्चे कर्मचारी के रूप में कार्यरत है, ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि पुष्पा की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया।

# 18 मौतों के बाद जागा बीत इलाका, ओवरलोडेड टिपर-ट्रॉलियों पर रोक की मांग



गढ़शंकर/होशियारपुर, यूटर्न, 23 दिसंबर। बीत इलाके की ज्वलंत समस्याओं को लेकर क्षेत्र के लोगों के एक शिष्टमंडल ने नायब तहसीलदार कुलविंदर सिंह को ज्ञापन सौंपकर ओवरलोडेड टिपर, ट्रॉलियों और पराली ढोने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। एसडीएम की अनुपस्थिति में सौंपे गए ज्ञापन में शिष्टमंडल ने बताया कि इन ओवरलोडेड वाहनों के कारण बीत क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर लगातार जाम, दुर्घटनाएं और जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है। अब तक 18 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

शिष्टमंडल ने मांग की कि डीसी के आदेशानुसार इन वाहनों की आवाजाही रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक सीमित की जाए, स्पीड लिमिट तय हो और वाहनों के बीच न्यूनतम 200 मीटर की दूरी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा कई सड़कों पर बर्म न बनने, मरम्मत न होने, नई सड़कों के निर्माण, बस सेवा शुरू करने और बीनेवाल सीएचसी में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं देने की मांग भी उठाई गई।

नायब तहसीलदार ने 29 दिसंबर के बाद संबंधित विभागों के साथ बैठक कर समाधान का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल ने चेतावनी दी कि 10 दिन में कार्रवाई न हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# क्रिसमस की रौनक, भव्य शोभायात्रा से गूंजा शहर

## झांकियों, कैरोल और प्रेम-शांति के संदेश ने बांधा समां

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। क्रिसमस के पावन पर्व पर चंडीगढ़ में उल्लास और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। ट्राईसिटी चर्चिस एसोसिएशन की ओर से भव्य क्रिसमस शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई रोमन कैथोलिक चर्च, चंडीगढ़ व शिमला के बिशप सहाया टी. थॉमस और एसोसिएशन के अध्यक्ष लॉरेंस मलिक ने की।

शोभायात्रा सेक्टर-18 स्थित सीएनआई चर्च से शुरू होकर सेक्टर 19/27, सेक्टर 20/30 लाइट प्वाइंट, सेक्टर 20 व 21 की मार्केट, अरोमा लाइट प्वाइंट से सेक्टर 22/23, सेक्टर 24 की मार्केट होते हुए सेक्टर-25 स्थित रैली ग्राउंड में संपन्न हुई। मार्ग में पड़ने वाले सेक्टरों और बाजारों में स्थानीय निवासियों ने शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया।





शोभायात्रा में चंडीगढ़, मोहाली और पंचकुला के विभिन्न चर्चों द्वारा यीशु मसीह के जन्म और उनके संदेशों को दशार्ती आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। बच्चों ने कैरोल गाकर शांति और भाईचारे का संदेश दिया और लोगों को टॉफियां वितरित कीं। ट्राईसिटी चर्चिस एसोसिएशन के अध्यक्ष लॉरेंस मलिक ने क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह शोभायात्रा प्रेम, शांति और आपसी सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह की शिक्षाएं मानवता, त्याग और सेवा का मार्ग दिखाती हैं, जिन पर चलकर समाज को बेहतर बनाया जा सकता है।

अपने संबोधन में बिशप सहाया टी. थॉमस ने कहा कि यीशु मसीह ने प्रेम और इंसानियत की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि यीशु का जीवन नम्रता से शुरू हुआ और मानव पीड़ाओं को देखकर उन्होंने सांसारिक सुखों का त्याग कर एक पवित्र मिशन अपनाया, जिससे विश्व में सकारात्मक बदलाव आया।इस अवसर पर फादर प्रेमानंद, बिशप ब्रायन एंडरसन, पास्टर एलिशा मसीह, हिलरी विक्टर, ब्रो यूनुस पीटर, पास्टर अजय दास, डॉ. इमैनुएल नाहर, पास्टर जगदीश सिंह, रेव. तनुज पाल मसीह, पास्टर राजेश बालू और बिशप रणदीप मैथ्यू भी मौजूद रहे। शोभायात्रा के स्वागत में विभिन्न मार्केट और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई। सेक्टर-24 में समाजसेवी रविन्द्र सिंह बिल्ला की ओर से चाय-ब्रेड पकौड़ों का लंगर लगाया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने शोभायात्रा का नेतृत्व कर रहे बिशप्स और फादर्स को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

समारोह के अंत में सामुदायिक भोजन परोसा गया और सामूहिक प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

यूटर्न टाइम

# निगम चुनाव की तैयारियां पूरी, वार्डबंदी रिपोर्ट प्रशासक को भेजी जाएगी

चंडीगढ़। अगले साल प्रस्तावित नगर निगम चुनाव को लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। प्रशासन ने वार्डबंदी का काम पूरा कर लिया है और इस सप्ताह इसकी रिपोर्ट प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को मंजूरी के लिए भेजी जाएगी। रिपोर्ट को स्वीकृति मिलने के बाद राज्य चुनाव आयोग वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू करेगा।




इस बार वार्डों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आगामी चुनाव 35 वार्डों में ही होंगे। वार्डबंदी कार्य का नेतृत्व उपायुक्त निशांत यादव कर रहे थे। समिति ने वर्ष 2011 की जनगणना डेटा को आधार बनाकर नए सीमांकन तय किए, ताकि शहर के बदलते जनसंख्या और आवास पैटर्न के अनुरूप संतुलन बनाए रखा जा सके।

वार्ड संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं: संजय कॉलोनी, जनता कॉलोनी, शाहपुर कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी और सेक्टर-53 का फर्नीचर मार्केट अब वार्डों से बाहर कर दिया गया है। प्रशासन के अनुसार इन कॉलोनियों के निवासी अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित हो चुके हैं। इसके अलावा धनास की कच्ची कॉलोनी को सर्दियों के बाद हटाने की योजना है, जो भविष्य में वार्ड संरचना पर असर डाल सकती है।

वार्डबंदी समिति में एस्टेट ऑफिसर, संयुक्त सचिव, समाज कल्याण निदेशक, नगर निगम सचिव, सीनियर टाउन प्लानर, राज्य चुनाव आयोग और जनगणना विभाग के प्रतिनिधि शामिल थे। समिति ने शहर में वार्ड सीमांकन की आवश्यकता का सघन मूल्यांकन कर अंतिम रिपोर्ट तैयार की।

अब सभी की निगाहें वार्ड आरक्षण पर हैं, जो चुनाव आयोग द्वारा मंजूरी मिलने के बाद तय किया जाएगा। इस बार की तैयारी और संरचना को देखते हुए यह चुनाव नगर निगम के भविष्य और शहर प्रशासन में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

# क्रिसमस-न्यू ईयर पर एमके भाटिया ने किया धमाका, कर्मचारियों को गिफ्ट की 6 शानदार कारें








चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। शहर के मशहूर उद्यमी और फार्मा इंडस्ट्री के प्रमोटर एमके भाटिया ने इस क्रिसमस और नववर्ष पर कर्मचारियों को 6 कारें गिफ्ट कर सभी को चौंका दिया। यह भाटिया की उदारता और कर्मचारियों के प्रति सम्मान का एक और बड़ा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि पिछली दीवाली पर उन्होंने 51 कारें गिफ्ट की थीं। समारोह में भाटिया ने कर्मचारियों को संगठन की असली ताकत बताया और उनकी मेहनत की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने सभी को हर क्षेत्र में 'धुरंधर' बनकर काम करने की प्रेरणा दी और कहा कि ईमानदारी, मेहनत और उत्कृष्टता सफलता की असली कुंजी है।

भाटिया ने विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं को प्रोत्साहित किया कि आत्मविश्वास, सीखने की इच्छा और लगातार प्रयास से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। कर्मचारियों ने इस कदम को प्रेरणास्पद और मनोबल बढ़ाने वाला बताया। समारोह के अंत में भाटिया ने क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य केवल व्यापारिक सफलता नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक और प्रेरक उदाहरण पेश करना भी है। अगर आप चाहें तो मैं इसे और फ्रंट-पेज लीड स्टाइल में छोटे पैराग्राफ और बुलेट पॉइंट्स में भी तैयार कर दूँ ताकि यह और ज्यादा असरदार लगे। क्या मैं ऐसा करूँ?

# खुला मोहाली-कुराली-बद्दी बाईपास, चार साल का इंतजार खत्म

अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 23 दिसंबर। चंडीगढ़ और मोहाली की ट्रैफिक समस्या को बड़ी राहत देते हुए भारतमाला परियोजना के तहत बना मोहाली-कुराली-बद्दी ग्रीनफील्ड बाईपास आखिरकार आम लोगों के लिए खोल दिया गया। करीब 1400 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 31 किलोमीटर लंबा चार-लेन बाईपास चार साल की देरी, बदली डेडलाइनों और विरोध-प्रदर्शनों के बाद चालू हुआ है। आईटी सिटी चौक से शुरू होकर यह बाईपास खड़, कुराली और सिसवां होते हुए बद्दी हाईवे से जुड़ता है। इसके खुलते ही एयरपोर्ट रोड, सेक्टरों और चंडीगढ़ की भीतरी सड़कों पर रोजाना लगने वाले जाम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।



## 15 मिनट में एयरपोर्ट, शहर में घुसने की जरूरत नहीं

न्यू चंडीगढ़, एरोसिटी, आईटी सिटी और सेक्टर-81 से 110 तक के लोगों को अब सिर्फ 15 मिनट में एयरपोर्ट पहुंचने की सुविधा मिलेगी। दिल्ली से हिमाचल, लुधियाना, जालंधर और जम्मू-कश्मीर जाने वाले वाहन अब चंडीगढ़-मोहाली में दाखिल हुए बिना सीधे निकल सकेंगे।

## हाईटेक टोल प्लाजा, फास्टैग से कटेगा शुल्क

बजहेड़ी गांव के पास 16 लेन का अत्याधुनिक टोल प्लाजा बनाया गया है, जहां मैनुअल कलेक्शन नहीं होगा। ओवरसाइज वाहनों के लिए अलग लेन की व्यवस्था है। एनएचएआई के अनुसार कुराली में हाईटेंशन लाइन शिफ्ट होने के बाद बाईपास को पूरी तरह खोल दिया गया है।

## किसानों के विरोध और विवादों से गुजरा प्रोजेक्ट

एंट्री-एग्जिट, साइनबोर्ड पर पंजाबी भाषा और मुआवजे को लेकर किसानों के विरोध से प्रोजेक्ट में देरी हुई, लेकिन बातचीत के बाद समाधान निकला।

## इंडस्ट्री और लॉजिस्टिक्स को रफ्तार

बाईपास के खुलने से बद्दी, डेराबस्सी, लालडू और राजपुरा के औद्योगिक क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। यात्रा समय और ईंधन दोनों बचेंगे, जबकि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## विजय सिंह दहिया वेतन विसंगति एवं शिकायत निवारण समिति के सदस्य नियुक्त



चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। हरियाणा कैडर के 2001 बैच के आईएएस अधिकारी एवं मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विजय सिंह दहिया को हरियाणा सरकार ने वेतन विसंगति एवं शिकायत निवारण समिति (पे एनॉमलीज एंड रिड्रेसल कमेटी) का सदस्य नियुक्त किया है। वह इस पद पर श्री विकास गुप्ता के स्थान पर कार्य करेंगे। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## बिजली कनेक्शन में घोर लापरवाही, एसडीओ पर जुर्माना, कनेक्शन 26 दिसंबर तक जारी करने के आदेश

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने दक्षिण हरियाणा बिजली निगम के अधिकारियों की मनमानी और सेवा में लगातार देरी पर कड़ा संज्ञान लिया। हिसार निवासी ने 15 जुलाई 2025 को एलटी श्रेणी का कनेक्शन आवेदन किया था, जिसे नियमों के अनुसार 15 दिन में जारी किया जाना था, लेकिन पाँच महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी कनेक्शन नहीं मिला। जांच में पाया गया कि उप-मंडल कार्यालय, नारनौंद के अधिकारियों ने जानबूझकर गलत डिमांड नोटिस जारी किया और सेवा में देरी की। कमीशन ने एसडीओ पर 5,000 रुपये का जुर्माना और आवेदक को 1,500 रुपये की क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया।

ड्यूटी ऑफिसर और कनिष्ठ अभियंता को कार्रवाई का नोटिस, वहीं अधीक्षण और कार्यकारी अभियंता की जिम्मेदारी की जांच के लिए विभागीय संस्तुति भेजी गई। कमीशन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवेदक का बिजली कनेक्शन 26 दिसंबर 2025 तक जारी किया जाए। हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने दोहराया कि नागरिक सेवा में देरी और मनमानी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन: पंचकूला में अपराधियों पर बड़ा प्रहार





पंचकूला, यूटर्न, 23 दिसंबर। हरियाणा पुलिस द्वारा 1 से 22 दिसंबर तक चलाए गए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत पंचकूला पुलिस ने अपराध, नशा और जुए के अड्डों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 54 आपराधिक मामले दर्ज कर 148 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 52 फरार और हिंसक अपराधी शामिल हैं। गंभीर मामलों में शामिल 12 आरोपियों के पासपोर्ट रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता और डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में 606 स्थानों पर छापेमारी के दौरान पुलिस ने 700 ग्राम चरस, 35 ग्राम हेरोइन, 2520 नशीली गोलियां, 324 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब, 884 बोतल अवैध देशी शराब और 2,45,085 रुपये नकद बरामद किए। इसके अलावा 4 देशी कट्टे, 1 देशी पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस, 1 चाकू, तथा चोरी व आपराधिक गतिविधियों में प्रयुक्त 1 होंडा सिटी कार, 1 टैक्सी, 9 मोटरसाइकिल, 1 टैंकर, 1 ऑटो रिक्शा, 4 स्कूटी, 21 गैस सिलेंडर, सोने-चांदी के आभूषण और 11 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। अपराध के खिलाफ सख्ती के साथ पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए कड़ाके की ठंड में 2000 से अधिक जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व आवश्यक सहायता भी प्रदान की। पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने कहा कि अवैध गतिविधियों के ठिकानों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

यूटर्न टाइम

Happy Birthday




Sandeep Bindra

Happy Birthday



वंशिका

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### तेरा मेरा

तेरा धर्म, मेरा धर्म और जात पात
की लड़ाई लड़ने वालों
ब्लड बैंक से मिलने वाले
खून पर भी अपनी छपाई करवा लो।

जिस जाति का खून है
बस उसी को चढ़ेगा
ऐसी मोहर, खून की
हर बोतल पर भी लगवा लो।

एक धर्म, जाति के
शिक्षक और डाक्टर आदि
बस अपनी जाति धर्म को ही पूछेंगे
और अपने अपने नेता भी बंटवा लो।

स्कूल, ऑफिस, हस्पताल आदि
क्यों एक हैं सबके
हो सके तो धरती से उगने वाली
फसलों का भी बँटवारा करवा लो।

परमेश्वर ने सबको खून, हड्डी और सारे अंग
एक से देकर पहचान की खातिर

बस रंग, चेहरे और स्वभाव बदले थे
तेरा मेरा करने से पहले
हो सके तो अपने अपने
आकार भी बदलवा लो।

# कर्म और भक्ति का अद्भुत संगम, अमृतवाणी ने दिखाया सरल मार्ग : संत अश्वनी बेदी



रमणीक बेदी जी



राजन कपूर



टीटू पायलट



मन्नू जयरथ



भाजपा पार्षद अनिल भारद्वाज



वीरेंद्र जैन



आद्वित्य गुप्ता



विदुषी गुप्ता

लुधियाना, यूटर्न, 3 दिसम्बर। श्री राम शरणम, श्री राम पार्क में चल रहे 71वें राम नाम अखण्ड जप महायज्ञ के अवसर पर संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूज्य स्वामी सत्यानंद सरस्वती जी द्वारा रचित ह्यअमृतवाणीह्ण में राम-नाम की महिमा और उसे जीवन में उतारने का अत्यंत सरल व प्रभावी मार्ग बताया गया है। उन्होंने कहा कि साधना में साधक स्वयं अपने मन को समझाता है कि सांसारिक दुखों और अज्ञान से मुक्त होने के लिए निरंतर राम-नाम



संयम भल्ला



मंजू गुप्ता



किरन पायलट



सुषमा पायलट

का जप करता रहे।

संत अश्वनी बेदी महाराज ने कहा कि अमृतवाणी में कर्म और भक्ति के सुंदर समन्वय पर विशेष बल दिया गया है। जीवन के सभी कर्तव्यों और कार्यों को करते हुए भी मन ही मन राम-नाम का स्मरण करते रहना चाहिए, ताकि कर्म ही पूजा बन जाए। उन्होंने कहा कि चलते-फिरते, यात्रा करते समय भी राम-नाम का जाप करने से मन आनंदित होता है और जीवन का कल्याण होता है।

उन्होंने कहा कि राम का नाम कल्पवृक्ष के समान है, जिसके स्मरण मात्र से क्लेश मिट जाते हैं। सच्चा सुख धन, पद या भोगों में नहीं, बल्कि ईश्वर की शरणागति और मन की शांति में है। अहंकार त्यागकर सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने से जीवन के सभी संताप दूर हो जाते हैं। इस अवसर पर टीटू पायलट, सुषमा पायलट, परम पायलट, किरण पायलट, मन्नू जयरथ, नंदनी जयरथ, भाजपा पार्षद अनिल सहित अनेक श्रद्धालु एवं साधक उपस्थित रहे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

BNSS में Confession कब मान्य होती है और कब नहीं?

अक्सर फिल्मों और आम बातचीत में कहा जाता है—'आरोपी ने कबूल कर लिया, अब केस खत्म।' लेकिन कानून में Confession (स्वीकारोक्ति) इतनी सरल चीज नहीं है। इठरर 2023 ने यह साफ कर दिया है कि हर Confession अदालत में मान्य नहीं होती।

Confession क्या है?

जब कोई आरोपी स्वयं यह स्वीकार करता है कि उसने अपराध किया है, तो उसे Confession कहा जाता है। लेकिन कानून यह देखता है कि यह स्वीकारोक्ति किसके सामने, कैसे और किन हालात में दी गई है।

पुलिस के सामने Confession का क्या मूल्य है? BNSS के तहत पुलिस के सामने किया गया Confession सामान्यत: मान्य नहीं होता। इसका कारण साफ है—कानून यह मानकर चलता है कि पुलिस हिरासत में दबाव, डर या जबरदस्ती की संभावना हो सकती है।

कब Confession मान्य होती है?

Confession तभी कानूनी रूप से मान्य मानी जाती है जब वह मजिस्ट्रेट (Magistrate) के सामने दी गई हो, स्वेच्छा से (Voluntarily) दी गई हो, बिना किसी दबाव, डर या लालच के दी गई हो। मजिस्ट्रेट Confession दर्ज करने से पहले आरोपी को यह स्पष्ट रूप से बताता है कि वह Confession देने के लिए बाध्य नहीं है, और यदि वह Confession देता है, तो उसका उपयोग उसके खिलाफ किया जा सकता है।

क्या केवल Confession से सजा हो सकती है? अदालतें आम तौर पर केवल Confession के आधार पर सजा देने में सतर्क रहती हैं। अक्सर Confession को अन्य साक्ष्यों (Corroborative Evidence) से मिलाकर ही स्वीकार किया जाता है। Confession और Recovery का अंतर समझें अगर आरोपी के बयान के आधार पर कोई वस्तु बरामद होती है (Recovery), तो वह हिस्सा सीमित रूप से स्वीकार किया जा सकता है, लेकिन पूरा Confession नहीं।

निष्कर्ष :BNSS का सिद्धांत स्पष्ट है—Confession तभी मान्य है जब वह स्वतंत्र, स्वैच्छिक और न्यायिक निगरानी में दी गई हो। कानून आरोपी की स्वीकारोक्ति से अधिक न्याय की विश्वसनीयता को महत्व देता है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल पखोवाल रोड में स्वामी श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस श्रद्धा से मनाया गया



लुधियाना, यूटर्न, 23 दिसंबर। डीएवी पब्लिक स्कूल, पखोवाल रोड में 23 दिसंबर 2025 को महान शिक्षाविद्, समाज सुधारक एवं शहीद स्वामी श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। यह आयोजन आर्य रत्न पद्मश्री से सम्मानित डॉ. पूनम सूरी, अध्यक्ष, डीएवी सीएमसी, नई दिल्ली के पावन आशीर्वाद तथा श्री योगी सूरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आर्य युवा समाज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. सतवंत कौर भुल्लर, अध्यक्ष, आर्य युवा समाज, पंजाब एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा



वैदिक हवन से की गई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक हो उठा। संगीत विभाग की मधुर प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को भावपूर्ण बना दिया। हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती किरण जैन ने स्वामी श्रद्धानंद जी के शिक्षा, सामाजिक सुधार और शुद्धि आंदोलन में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. सतवंत कौर भुल्लर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में उनके त्याग, सेवा और अनुशासन के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन समाज व राष्ट्र सेवा का संकल्प लेकर किया गया।

# छोटे साहिबजादों की शहादत को समर्पित लंगर सेवा

घनौर/यूटरन/23 दिसंबर। छोटे साहिबजादों की अतुलनीय शहादत की स्मृति में द माइलस्टोन स्मार्ट स्कूल, घनौर द्वारा क्षेत्र की संगत के लिए श्रद्धा और सम्मान के साथ लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए सेवा, त्याग और साहस का संदेश दिया गया। लंगर सेवा में स्कूल के अध्यापक वर्ग, विद्यार्थियों, लाली नागरा तथा स्थानीय संगत ने पूरे श्रद्धा भाव से सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर प्रेम, समानता और भाईचारे की भावना के साथ संगत को लंगर परोसा,



जिससे गुरु परंपरा की सच्ची भावना जीवंत नजर आई। इस मौके पर स्कूल की मुख्य अध्यापिका श्रीमती अरुशी भंडारी ने विद्यार्थियों को छोटे साहिबजादों की शहादत और उनके अद्वितीय साहस के बारे में विस्तार से बताया।

# देहात पुलिस की बड़ी कार्रवाई: CIA स्टाफ ने 3 किलो 70 ग्राम हेरोइन के साथ 3 तस्कर किये गिरफ्तार

## तस्करों से एक स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद; पाकिस्तान से मंगवाकर करते थे सप्लाई

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/दिसंबर। लुधियाना (देहात) पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाई मुहिम के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। सी.आई.ए. (उक्ख) स्टाफ जगराओं की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एस.एस.पी. लुधियाना (देहात) डॉ. अंकुर गुप्ता ने बताया कि यह कार्रवाई एस.पी. (डी) राजन शर्मा और डी.एस.पी. (डी) जतिंदर सिंह के दिशा-निदेशों के तहत की गई है।



### कैसे हुई गिरफ्तारी?

घटना का ब्यौरा साझा करते हुए पुलिस ने बताया कि 22 दिसंबर को सी.आई.ए. स्टाफ जगराओं के इंचार्ज अमृतपाल सिंह को सूचना मिली थी कि अमनदीप सिंह उर्फ रोमी, पवन कुमार और बचित्तर सिंह बड़े स्तर पर हेरोइन बेचने का धंधा करते हैं। सूचना मिली थी कि ये तस्कर अपनी सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर फिरोजपुर की ओर से हेरोइन लेकर लुधियाना आ रहे हैं। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए डी.एस.पी. जगराओं जसविंदर सिंह ढींडसा की अगुवाई में पुलिस पार्टी ने गुरुसर काउँके की हद में हाईटेक नाकाबंदी की। चेकिंग के दौरान उक्त स्कॉर्पियो कार को रोका गया और तलाशी लेने पर उसमें से 3 किलो 70 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया और थाना सदर जगराओं में एन.डी.पी.एस. (NDPS) एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### गिरफ्तार किए गए आरोपी

अमनदीप सिंह उर्फ रोमी पुत्र गुरचरण सिंह, निवासी न्यू जनता नगर लुधियाना, पवन कुमार पुत्र शिव शंकर राय, निवासी साहिबजादा अजीत सिंह नगर लुधियाना, बचित्तर सिंह पुत्र बलविंदर सिंह, निवासी गांव आसल जिला फिरोजपुर

### मुख्य आरोपी का आपराधिक इतिहास

पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी अमनदीप सिंह उर्फ रोमी एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले ही लुधियाना और अन्य जिलों में लूटपाट, आर्म्स एक्ट, एन.डी.पी.एस. एक्ट और हत्या के प्रयास जैसी संगीन धाराओं के तहत करीब 14 मुकदमे दर्ज हैं। दूसरे आरोपी पवन कुमार पर भी एक लड़ाई-झगड़े का मामला दर्ज है, जबकि तीसरे साथी बचित्तर सिंह का पहले का कोई पुलिस रिकॉर्ड नहीं है।

### पाकिस्तान कनेक्शन और अगली कार्रवाई

शुरूआती पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कबूल किया है कि वे पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाकर लुधियाना क्षेत्र में सप्लाई करते थे। आरोपियों को आज माननीय अदालत में पेश करके 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि यह खेप असल में कहां से लाई गई थी और आगे किन-किन ग्राहकों को सप्लाई की जानी थी। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान और भी अहम खुलासे हो सकते हैं।

# लालड़ू में 2400 नशीले कैप्सूल के साथ एक युवक गिरफ्तार

लालड़ू, यूटर्न, 23 दिसंबर। स्थानीय पुलिस ने झारमड़ी बैरियर के पास एक युवक को 2400 नशीले कैप्सूल के साथ काबू करने का दावा किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पंकज कुमार, निवासी हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है।

थाना लालड़ू के सब-इंस्पेक्टर राजिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस पार्टी अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर झारमड़ी बैरियर के नजदीक वाहनों की नियमित जांच कर रही थी। इसी दौरान अंबाला की ओर से आ



रही एक बस को रोका गया। बस में सवार एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा।

शक के आधार पर पुलिस ने उसे तुरंत काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से कथित तौर पर 2400 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नशीले कैप्सूल कहां से लाए गए थे और इन्हें कहां सप्लाई किया जाना था।

# कोटखाई गुड़िया कांड: पूर्व IG जैदी को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत

## सीबीआई कोर्ट की उम्रकैद पर रोक, लॉकअप मर्डर केस में बड़ा घटनाक्रम

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। कोटखाई गुड़िया दुष्कर्म व हत्याकांड से जुड़े आरोपी सूरज की लॉकअप में हुई हत्या के मामले में एक बार फिर बड़ा कानूनी मोड़ सामने आया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस मामले में दोषी ठहराए गए हिमाचल प्रदेश के पूर्व आईजी जहूर हैदर जैदी को राहत देते हुए उनकी उम्रकैद की सजा को निलंबित कर दिया है।हाईकोर्ट का यह आदेश चंडीगढ़ स्थित सीबीआई की विशेष अदालत के उस फैसले पर आया है, जिसमें जैदी समेत आठ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।



### जनवरी में सुनाई गई थी उम्रकैद

सीबीआई कोर्ट ने इसी वर्ष 27 जनवरी को शिमला के तत्कालीन आईजी जहूर हैदर जैदी, डीएसपी मनोज जोशी, सब-इंस्पेक्टर राजिंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, मुख्य आरक्षी मोहन लाल, सूरत सिंह, रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रनीत सटेटा को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हालांकि साक्ष्यों और गवाहों के अभाव में मामले में नामजद तत्कालीन एसपी डीडब्ल्यू नेगी को अदालत ने बरी कर दिया था।

### क्या है पूरा मामला

वर्ष 2017 में शिमला जिले के कोटखाई में सात वर्षीय बच्ची गुड़िया के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी सूरज की, गिरफ्तारी के करीब 14 दिन बाद, कोटखाई थाना लॉकअप में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने सूरज की हत्या का आरोप एक अन्य आरोपी पर डाला था, लेकिन बाद में सीबीआई जांच में पुलिस हिरासत में हत्या की साजिश और लापरवाही के आरोप सामने आए।

### हिंसा और आगजनी भी हुई थी

आरोपी की लॉकअप में मौत के बाद कोटखाई क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया था। गुस्साई भीड़ ने थाने में तोड़फोड़ की और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। हालात काबू में करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा था।हाईकोर्ट के ताजा आदेश के बाद यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आगे की अपीली सुनवाई में अदालत क्या रुख अपनाती है।

हाईकोर्ट में जैदी की ओर से सजा निलंबन को लेकर याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने यह अंतरिम राहत प्रदान की।

# राम संगीत सभा ने 152वां कैराओके गीत-संगीत कार्यक्रम आयोजित



पटियाला, यूटर्न, 23 दिसंबर। आधी सदी से पुरातन और आधुनिक गीत-संगीत की सेवा कर रही गैर-सरकारी संस्था राम संगीत सभा रजि. पटियाला की ओर से राम सभागार में 152वां कैराओके गीत-संगीत का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पटियाला सहित चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से आए शौकिया गायकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटियाला के मेयर कुंदन गोगिया रहे, जबकि वरिष्ठ समाजसेवी एवं कला प्रेमी भगवान दास गुप्ता और पूर्व कर्नल सुरिंदर सिंह विशेष अतिथि थे। मेयर कुंदन गोगिया ने राम संगीत सभा की सराहना करते हुए कहा कि संस्था वर्षों से संगीत संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। भगवान दास गुप्ता ने कहा कि संगीत जीवन का प्रतिबिंब है, जो दुख में भी मुस्कराना सिखाता है। सभा की अध्यक्ष बिंदु अरोड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में लगभग 80 कलाकारों ने प्रस्तुति देकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।



यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# राज्यसभा चुनावः सत्ता संतुलन का नया समीकरण

लुधियाना, यूटर्न, 23 दिसंबर। 2026 में राज्यसभा की 75 सीटें खाली होने जा रही हैं, और यह सिर्फ एक नियमित चुनाव नहीं बल्कि भारतीय राजनीति के लिए संभावित गेम-चेंजर साबित हो सकता है। बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और उत्तर-पूर्वी राज्यों से आने वाले ये चुनाव न केवल पार्टी ताकत के पैमाने तय करेंगे, बल्कि आगामी विधायी एजेंडे और केंद्र-संघीय संबंधों पर भी गहरा असर डाल सकते हैं।




विशेष रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश में सीटों का खाली होना ठउ्अ और कठउ्अ गठबंधन के बीच सियासी संतुलन पर असर डाल सकता है। बिहार में इखढ और खउ्(व) की मजबूत स्थिति संभावित जीत की गारंटी देती है, लेकिन उपेंद्र कुशवाहा जैसे नेताओं की अनिश्चित वापसी से विपक्ष के लिए यह चुनौती और दिलचस्प हो जाती है। उत्तर प्रदेश की दस सीटें भी यही खेल तय करेंगी।

महाराष्ट्र और कर्नाटक में स्थिति और जटिल है। महा विकास अघाड़ी और कांग्रेस के लिए यह चुनाव रणनीतिक परीक्षण है, क्योंकि शरद पवार और प्रियंका चतुर्वेदी की वापसी अनिश्चित है। वहीं, कर्नाटक में मल्लिकार्जुन खड़गे और एच.डी. देवेगौड़ा के रिटायर होने से कांग्रेस को अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका मिलेगा, लेकिन विपक्ष का क्रॉस-पार्टी समर्थन इस समीकरण को चुनौती दे सकता है। राज्यसभा की ऊपरी सदन की सत्ता संतुलन केवल संख्या का खेल नहीं, बल्कि लंबी अवधि की नीति और विधायी दिशा तय करने का अवसर है। ठउ्अ और विपक्ष दोनों के लिए यह 2026 का चुनाव न केवल राजनीतिक बल्कि रणनीतिक महत्त्व रखता है। परिणाम चाहे जैसा भी हो, यह निश्चित है कि भारत की राजनीतिक तस्वीर पर इसका असर लंबी अवधि तक रहेगा।

# पीजीआई में बायो-मेडिकल कचरे की अनदेखी, कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य जांच पर भी बड़ा सवाल

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 दिसंबर। पीजीआई में बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर ऑडिट में गंभीर कमियां सामने आई हैं। जांच में पता चला कि अस्पताल प्रशासन नियमों का पालन करने में पूरी तरह विफल रहा और कचरा संभालने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की अनदेखी की गई। रिपोर्ट के अनुसार बायो-मेडिकल वेस्ट से जुड़े 53 कर्मचारियों का वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण नहीं



किया गया और उन्हें अनिवार्य टिटनेस टीकाकरण भी नहीं दिया गया। प्रशासन इन कर्मचारियों के टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच का कोई रिकॉर्ड भी पेश नहीं कर सका। जांच में यह भी पाया गया कि बायो-मेडिकल वेस्ट रजिस्टर अधूरा भरा गया था। इसमें कचरा संग्रह की तिथि, समय, जिम्मेदार एजेंसी और कर्मचारियों के हस्ताक्षर जैसी जरूरी जानकारियां नहीं थीं, जिससे रिकॉर्ड की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई। सबसे बड़ी खामी यह रही कि बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कमेटी की नियमित बैठकें आयोजित नहीं की गईं।

# राकेश कपूर ने सतलुज क्लब और लोधी क्लब में सिंगल्स टेनिस खिताब जीतकर रचा उल्लेखनीय कीर्तिमान

नई दिल्ली, यूटर्न, 23 दिसंबर। प्रतिष्ठित टेनिस खिलाड़ी राकेश कपूर ने हाल ही में आयोजित क्लब स्तरीय टेनिस प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए सतलुज क्लब और लोधी क्लब—दोनों में सिंगल्स टेनिस खिताब जीतकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की। दोनों टूनार्मेंटों के दौरान राकेश कपूर ने उच्च स्तर की तकनीकी दक्षता, बेहतरीन शारीरिक फिटनेस और असाधारण मानसिक संतुलन का प्रदर्शन किया। कठिन मुकाबलों में मजबूत और अनुभवी खिलाड़ियों को पराजित करते हुए उन्होंने पूरे टूनार्मेंट में निरंतरता बनाए रखी, जो सिंगल्स फॉर्मेट में विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। सतलुज क्लब और लोधी क्लब, दोनों ही देश के प्रतिष्ठित खेल संस्थानों में गिने जाते हैं, जहां प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी ऊंचा रहता है। ऐसे में दोनों क्लबों में सिंगल्स खिताब जीतना राकेश कपूर की खेल प्रतिभा, अनुशासन और वर्षों की मेहनत को दशार्ता है। अपनी इस सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राकेश कपूर ने कहा कि यह जीत उनके कोच, अभ्यास सहयोगियों और क्लब प्रबंधन के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, फिटनेस और खेल भावना को प्राथमिकता देने का संदेश भी दिया। इन उपलब्धियों के साथ राकेश कपूर ने क्लब स्तर की प्रतिस्पर्धी टेनिस में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है और आने वाले समय में उनसे और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। उनकी यह सफलता उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत मानी जा रही है।






Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372